अग्रवाल महाविद्यालय की महिला सॉफ्ट बॉल टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान किया प्राप्त

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Wednesday,13 February , 2019)

Ballabgarh News, 13 Feb 2019 : अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की महिला सॉफ्ट बॉल टीम द्वारा महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के खेल परिसर में दिनांक 07 से 08 फ रवरी, 2019 को बेहतर प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में जाट कॉलेज रोहतक, टीकाराम कॉलेज सोनीपत, हिन्दू कॉलेज सोनीपत, राजकीय महाविद्यालय महम व रोहतक आदि राज्य के लगभग 10 महाविद्यालयों ने भी भाग लिया। महाविद्यालय की इस महिला सॉफ्ट बॉल टीम की सभी छात्राओं को प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए बताया कि यह उनके लगातार अभ्यास और खेल के प्रति जज़्बे के कारण संभव हो सका है। इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्ध समिति के प्रधान देवेन्द्र गुप्ता ने भी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के खेल विभाग के प्राध्यापक डॉ. जगवीर सिंह ने भी इस उपलब्धि पर संतोश व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों के प्रदर्षन की प्रषंसा करते हुए उन्हें बधाई दी।